संशोधित

# कार्यालय, प्रधानाचार्या महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकत्सा महाविद्यालय,बिजनौर।

पत्र संख्या–म0वि0स्व0रा0चि0महा0बिजनौर/यू0जी0–काउन्सलिंग/2026–27/2892 दिनांक–19.08.2026

## –:कार्यालय आदेश:–

महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या–एम0ई0–3/यू0जी–2026/1476 दिनांक 03.08.2026 के क्रम में नीट यू0जी0 (एम0बी0बी0एस0) ऑन लाइन काउन्सलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया हेतु ऑल इण्डिया कोटा एवं स्टेट कोटा की काउन्सलिंग के माध्यम से महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बिजनौर में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किये जाने हेतु अभ्यर्थियों/अभिभावकों के लिये दिशा–निर्देश:–

1– प्रवेश के लिये अभ्यर्थियों को **पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर, जजी चौक, बिजनौर** के 200 बैडेड चिकित्सालय के नवीन भवन में भू–तल पर स्थित एल0टी0–5 में आना होगा।

2– आने वाले अभ्यर्थी पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर, जजी चौक, बिजनौर के गेट नं0–2 से प्रवेश करेंगे।

3– अभ्यर्थी/अभिभावक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर, जजी चौक, बिजनौर के 200 बैडेड चिकित्सालय के नवीन भवन में भू–तल पर स्थित एल0टी0–5 मे स्थान ग्रहण करेंगे।

4– समस्त अभ्यर्थी अपने–अपने एडमिशन फार्म/डॉक्यूमेन्टस/शपथ पत्रों/फीस जमा करने की रसीद एवं अन्य प्रपत्रों के साथ भू–तल पर स्थित कक्ष संख्या–जी–21 में जायेंगे।

5– इसके उपरान्त एडमिशन सेल में उपस्थित संकाय सदस्यों (प्रोफेसर) की अनुमति अनुसार स्वास्थ्य परीक्षण के लिये निर्धारित स्थान पर जायेंगे।

6– एम0बी0बी0एस0 में प्रवेश से संबंधित एडमिशन फार्म/फीस स्ट्रक्चर/शपथ पत्र एवं अन्य प्रपत्र महाविद्यालय की बेबसाईट– https://www.mvasmcbijnor.org से डाउनलोड कर सकतें हैं।

7– समस्त अभ्यर्थी अपने–अपने एडमिशन फार्म को भरकर एवं समस्त शपथ पत्रों को अपने निवास स्थान से ही तैयार कराकर महाविद्यालय में उपस्थित हों।

8– अभ्यर्थी अपनी फीस डिमान्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) एवं एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से की जा सकती है। फीस जमा करने की समस्त जानकारी बेबसाईट– https://www.mvasmcbijnor.org पर उपलब्ध है।

9 **अभ्यर्थियों को विशेष रूप से सलाह दी जाती है, कि फीस की धनराशि जमा करते समय अपने स्वयं (अभ्यर्थी) के बैंक खाते का ही उपयोग करें।**

प्रधानाचार्य

प्रधानाचार्य
महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
बिजनौर

पृष्ठांकन–म0वि0स्व0रा0चि0महा0बिजनौर/यू0जी0–काउन्सलिंग/2026–27/2893–2901 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

2– महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

3– मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका, जिला पुरूष/महिला, चिकित्सालय, सम्बद्ध महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर।

4– चिकित्सा अधीक्षक, महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,बिजनौर।

5– समस्त विभागाध्यक्ष, मेडिकल बोर्ड, प्रवेश प्रक्रिया एम0बी0बीएस0 को सूचनार्थ।

6– नोडल/केन्द्र प्रभारी, सह नोडल/उप केन्द्र प्रभारी, अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रवेश प्रक्रिया एम0बी0बीएस0 को सूचनार्थ।

7– सुपरवाईजर, सुरक्षा गार्ड, महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर।

8– सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त सूचना अपने–अपने समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

9– गार्ड फाईल।

प्रधानाचार्य

प्रधानाचार्य
महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
बिजनौर